दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001
वर्ष :- 02 अंक :- 277 मुरादाबाद, 04 February 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## बरेली-मुरादाबाद सीट से भाजपा की लगातार आठवीं जीत, जयपाल की हैट्रिक, सपा की जमानत जब्त

विधान परिषद चुनाव में बरेली-मुरादाबाद खंड स्नातक सीट पर भाजपा ने कब्जा बरकरार रखा। भाजपा इस सीट से लगातार आठवीं जीत दर्ज की है। जबकि पार्टी प्रत्याशी जयपाल सिंह ने जीत की हैट्रिक लगाई है। विधान परिषद की बरेली-मुरादाबाद खंड स्नातक सीट पर भाजपा प्रत्याशी जयपाल सिंह व्यस्त ने बड़े अंतर से लगातार तीसरी जीत दर्ज की है। उन्होंने सपा के शिव प्रताप सिंह को 51257 वोटों से हराया। वर्ष 1986 से सीट पर अजेय भाजपा की यह आठवीं जीत है। बृहस्पतिवार सुबह से मतगणना प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन मतों की गिनती शाम बजे से हुई। शुक्रवार तड़के तीन बजे घोषित किए गए। पहले ही चक्र से बढ़त बना चुके भाजपा प्रत्याशी जयपाल सिंह ने कुल 66179 वोट हासिल किए। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी शिव प्रताप सिंह यादव को 14922 मतों से संतोष करना पड़ा। वह अपनी जमानत बचान के लिए जरूरी 15450 वोट भी हासिल नहीं कर सके। आठ अन्य निर्दलीय प्रत्याशियों की जमानत भी जब्त हो गई।



### भाजपा प्रत्याशी ने पहले चक्र से ही बना ली थी बढ़त

रात आठ बजे पहले चक्र का परिणाम आया तो डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त को 8578 और शिव प्रताप सिंह को 3791 वोट मिले। दूसरे चक्र में जयपाल को 8863 तो शिव प्रताप को 3743 वोट मिले। तीसरे चक्र में भाजपा को 9588 और सपा को सिर्फ 2620 वोट मिले। चौथे चक्र में भाजपा 11067 और सपा को सिर्फ 1248 वोट ही हासिल हो सके। पांचवें चक्र में जयपाल ने बड़ी बढ़त हासिल कर ली। उन्हें 10922 वोट मिले, जबकि सपा को सिर्फ 1293 वोट मिल सके। पांचवें चक्र तक भाजपा प्रत्याशी को कुल 49018 और सपा को 12695 वोट मिले थे। छठे चक्र तक भाजपा को 59136 और सपा को 14092 वोट मिले। छठे चक्र में भाजपा और सपा के अलावा अन्य आठ उम्मीदवारों में सुशील दीक्षित को 96, ओम प्रकाप को 295, ताज मोहम्मद को 168, फुरकान अली खां को 1443, एडवोकेट मोहित पांडेय को 339, रोमी सागर को 2439, एडवोकेट वजाहत अंसारी को 211, विश्वनाथ को 51 वोट मिले। 5722 वोट निरस्त रहे। कुल 92687 वोट पड़े थे।

### सातवें चक्र से पहले ही भाजपा में शुरू हो गया जश्न

सातवें और अंतिम चक्र की मतगणना पूरी होते ही भाजपा खेमे में जश्न शुरू हो गया तो सपाइयों में में मायूसी छा गई। सातवें अंतिम च्रक में मात्र 8695 वोटों की गिनती बाकी थी। भाजपा प्रत्याशी जयपाल सिंह व्यस्त की जीत का औपचारिक घोषणा शेष रह गई थी। सातवें चक्र की मतगणना के बाद जयपाल सिंह को विजयी घोषित कर दिया। भाजपा के विजयी प्रत्याशी जयपाल सिंह को रिटर्निंग ऑफिसर ने जीत का प्रमाणपत्र दिया।

## भाजपा की डबल इंजन सरकार ने बदली त्रिपुरा की तस्वीर और तकदीर- जेपी नड्डा

उत्तर पूर्वी राज्य त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। भाजपा, कांग्रेस और लेफ्ट जैसे प्रमुख दलों के अलावा अन्य राजनीतिक पार्टियां भी चुनाव की तैयारी में जुट गई हैं।भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा त्रिपुरा में जनसभाएं कर रहे हैं। नड्डा ने शुक्रवार को अमरपुर में एक रैली की। इस दौरान उन्होंने विरोधी दलों पर जमकर वार किया।



### त्रिपुरा की तस्वीर, तकदीर बदली

नड्डा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने त्रिपुरा की तस्वीर और तकदीर को बदल डाला है। ये बदला हुआ त्रिपुरा है। प्रधानमंत्री जी को पूर्वोत्तर भारत की विशेष चिंता है और हम इस क्षेत्र के विकास हेतु प्रतिबद्ध हैं। इस रैली में भारी संख्या में आपका जुटना ये संदेश दे रहा है कि त्रिपुरा विकास के पथ पर आगे बढ़ चुका है और अब ये नहीं रुकेगा।

### आकाक्षांओं का देश बना भारत

नड्डा ने विरोधियों पर हमला करते हुए कहा कि आज से 9 साल पहले भारत कैसा था? घुटने टेकने वाला भारत था, फैसला नहीं ले सकने वाला भारत था, भ्रष्टाचार करने वाले देशों में शुमार था, जहां आए दिन घोटाले होते रहते थे। मोदी जी के नेतृत्व में बीते 9 साल में भारत आकांक्षाओं का देश बन गया, छलांग लगाने वाला देश बन गया और दुनिया में खुद को स्थापित करने वाला मजबूत राष्ट्र बन गया।

### विजय संकल्प यात्रा की शुरुआत

नड्डा ने अमरपुर से विजय संकल्प यात्रा की शुरुआत की। इसके साथ ही पार्टी का चुनाव अभियान आज शुरू हो गया है। नड्डा आगामी चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए राज्य के शीर्ष नेताओं की बैठक भी करेंगे।

### सीएम ने किया डोर-टू-डोर कैंपेन

इससे पहले, राज्य के सीएम माणिक साहा ने गुरुवार को राजधानी अगरतला में घर-घर जाकर प्रचार जाकर किया। इस दौरान साहा ने कहा, 卐जनता की भलाई के लिए राज्य में केंद्र सरकार की कई परियोजनाओं और योजनाओं को लागू किया गया है। जनता को इन योजनाओं का लाभ भी मिला है। हमें उम्मीद है कि वे फिर से भाजपा के पक्ष में मतदान करेंगे।卐

### 2018 में भाजपा ने ढहाया लेफ्ट का किला

गौरतलब है कि भाजपा ने 2018 के विधानसभा चुनाव में लेफ्ट का 25 साल पुराना किला ढहा दिया था। साल 2018 में त्रिपुरा की 60 सीटों में से 59 सीटों पर चुनाव कराए गए थे। भाजपा ने जीत का परचम लहराते हुए 35 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि सीपीएम सिर्फ 16 सीटों पर ही सिमट गई। भाजपा की सहयोगी पार्टी इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा ( आईपीएफटी ) ने 8 सीटों पर जीत हासिल की थी।

### 16 फरवरी को चुनाव

बता दें कि त्रिपुरा में 16 फरवरी को एक ही चरण में विधानसभा चुनाव होगा। 2 मार्च को नतीजो का एलान किया जाएगा। दो मार्च को ही नगालैंड और मेघालय विधानसभा चुनाव के नतीजे भी घोषित होंगे।

## मायावती ने सपा पर बोला हमला, उपेक्षित वर्गों को शूद्र कहकर सपा इनका अपमान न करें

मायावती ने कहा कि सपा प्रमुख को इनकी वकालत करने से पहले लखनऊ गेस्ट हाउस के दो जून 1995 की घटना को भी याद कर अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। देखना चाहिए कि जब सीएम बनने जा रही है एक दलित की बेटी पर सपा सरकार ने जानलेवा हमला कराया था। बसपा सुप्रीमो मायावती ने रामचरितमानस प्रकरण को लेकर सपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि देश में कमजोर में उपेक्षित वर्गों का ग्रंथ रामचरितमानस व मनुस्मृति आदि नहीं बल्कि भारतीय संविधान है। जिसमें बाबा साहब ने इन्हें शूद्रों की नहीं बल्कि एससी, एसटी, ओबीसी की संज्ञा दी है।



सपाई शूद्र कहकर उनका अपमान ना करें और ना ही संविधान की अवहेलना करें। मायावती ने कहा कि सपा प्रमुख को इनकी वकालत करने से पहले लखनऊ गेस्ट हाउस के दो जून 1995 की घटना को भी याद कर अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। देखना चाहिए कि जब सीएम बनने जा रही है

एक दलित की बेटी पर सपा सरकार ने जानलेवा हमला कराया था। वैसे भी यह जगजाहिर है कि देश में एससी, एसटी, ओबीसी, मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के आत्म सम्मान एवं स्वाभिमान की कदर बीएसपी में ही थी। उन्होंने कहा कि देश के अन्य राज्यों की तरह यूपी में भी दलितों आदिवासियों में ओबीसी समाज के शोषण, अन्याय, नाइंसाफी तथा इन वर्गों में जन्मे महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों आदि की उपेक्षा तिरस्कार के मामले में कांग्रेस भाजपा व समाजवादी पार्टी कोई भी कम नहीं है।

## दुनिया के शीर्ष-15 अमीरों की सूची से बाहर हुए अदाणी, रिपोर्ट के बाद 60% तक फिसले शेयर

ब्लूमबर्ग की बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार गौतम अदाणी टॉप 20 अमीरों लिस्ट से बाहर होकर फिलहाल 22वें नंबर पर पहुंच गए हैं। गौतम अदाणी को एक ही दिन में करीब 10 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद से अब तक दिग्गज उद्योगपति गौतम अदाणी की नेटवर्थ को बड़ा झटका लगा है। जहां कुछ समय पहले तक वे दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर काबिज थे अब वे टॉप 15 में भी नहीं है। फिलहाल वे 18वें नंबर पर पहुंच गए हैं। इससे पहले ब्लूमबर्ग की बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार शुक्रवार की सुबह गौतम अदाणी टॉप 20 अमीरों लिस्ट से बाहर



होकर फिलहाल 22वें नंबर पर पहुंच गए। अदाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी को एक ही दिन में करीब 10 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। वहीं दूसरी ओर फेसबुक के संस्थापक जुकरबर्ग की संपत्ति में 12.5 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है और वे दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### अदाणी की नेटवर्थ 58 अरब डॉलर घटी

सितंबर में अदाणी की नेटवर्थ 155.7 अरब डॉलर थी। सोमवार को नेटवर्थ 92.7 अरब डॉलर रही। दिसंबर तक दुनिया के शीर्ष अमीरों में केवल अदाणी ऐसे अमीर थे, जिनकी संपत्ति में पिछले साल उछाल आया था। अदाणी अब दुनिया के अमीरों में 15वें नंबर पर खिसक गए हैं।

### हिंडनबर्ग की हालिया रिपोर्ट में क्या है?

25 जनवरी को हिंडनबर्ग ने अदाणी ग्रुप के संबंध में 32 हजार शब्दों की एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के निष्कर्ष में 88 प्रश्नों को शामिल किया। रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह समूह दशकों से शेयरों के हेरफेर और अकाउंट की धोखाधड़ी में शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तीन साल में शेयरों की कीमतें बढ़ने से अदाणी समूह के संस्थापक गौतम अदाणी की संपत्ति एक अरब डॉलर बढ़कर 120 अरब डॉलर हो गई है। इस दौरान समूह की 7 कंपनियों के शेयर औसत 819 फीसदी बढ़े हैं।

## अखिलेश यादव के काफिले के साथ हादसा, आपस में टकराईं छह गाड़ियां, चार लोग गंभीर घायल

माधौगंज के फरहतनगर के पास अखिलेश यादव के काफिले की छह गाड़ियां आपस मे टकरा गईं। यह हादसा मल्लावां से हरपालपुर जाते समय हुआ, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हरदोई जिले के मल्लावां थाना क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के काफिले में साथ चल रही आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां आपस मे टकरा गईं। इसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनको सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव कस्बे के सपा कार्यालय से हरिपालपुर के लिए जा रहे थे। शुक्रवार की दोपहर को कटरा बिल्हौर हाइवे पर फरहतनगर रेलवे क्रॉसिंग पर ब्रेकर के पास पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के फ्लीट की गाड़ियां आगे





निकल गईं। ब्रेकर के चलते तेज गति से साथ मे चल रही एक कार्यकर्ता की गाड़ी के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। इसके चलते साथ में चल रही दो फार्च्यूनर सहित सात गाड़ियां आपस मे टकरा गईं। इस हादसे में करीब चार लोग घायल हो गए।

### घायलों को सीएचसी में भेजा

कार्यकर्ताओ ने सभी घायलों को साथ में चल रही एम्बुलेंस से मीडिया कर्मी नसीम खान ( 28 ) निवासी रुदामऊ थाना माधौगंज, मुनेंद्र यादव ( 35 ) निवासी बिलग्राम को मल्लावां सीएचसी और वसीम वारसी ( 60 ) निवासी संडीला को माधौगंज सीएचसी पर भर्ती कराया गया।

### पुलिस बोली- कार्यकर्ताओं की गाड़ियां टकराईं हैं

वहीं, कप्तान सिंह निवासी संडीला और अन्य कई कार्यकर्ताओं को हल्की चोटें आई हैं। कोतवाल शेषनाथ सिंह ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री के काफिले की गाड़ियां नहीं टकराईं थीं। पीछे चल रहे कार्यकर्ताओं की गाड़ियां एक दूसरे से टकराईं हैं। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बता दें कि अखिलेश यादव हरपालपुर थाना क्षेत्र के बैठापुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। उनका कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत किया। वहीं, कार्यक्रम से लौटते समय फरहतनगर क्रॉसिंग मोड़ पर हादसा हो गया। इसी मोड़ पर गति धीमी होने से गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। हादसे में चार लोगों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहीं, कई कार्यकर्ताओं को हल्की चोटें आई हैं। पुलिस ने गाड़ियों को रोड के किनारे लगाकर यातायात सुचारू बनाए रखा है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक सम्पन्न



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर जल जीवन मिशन की बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अर्न्तगत कार्य करने वाली विभिन्न एजेन्सियों से फीडबैक लेते हुए कार्य प्रगति धीमी पाये जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने एलसी इन्फ्रा एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देश दिये कि ट्राई पार्टी एग्रीमेंट बढ़ाने पर ध्यान दें तथा कम्प्रेसर यूनिट को बढ़ाये। एलसी इन्फा के प्रतिनिधि ने बताया कि 209 कवर एग्रीमेंट में से 154 पर काम हो चुका है। जमीन विवाद के मामले में जिलाधिकारी ने कहा कि एजेंसी के प्रतिनिधि संबंधित एसडीएम से समन्वय बनाकर जमीन विवाद के मामलें का निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने एन0के0जी0 एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देश दिये कि काम करने वाली टीमों की संख्या में वृद्धि करें तथा सभी एजेंसियां एफ0एस0टी0सी0 की प्रगति पर विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एजेंसियां गांव के क्रियाशील ग्रामीणजन, पंचायत सहायक, कृषि विभाग के कर्मचारी, लेखपाल, प्रधान आदि लोगों से आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन में कार्य करने वाली एजेन्सियों द्वारा धीमी गति से कार्य करने पर संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि कौन से कार्य के लिए कौन सी एजेंसी नामित है उसका विवरण तथा इनका कार्य रोस्टर भी बनाये कि कौन सा कार्य कब तक पूर्ण किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पाइप लाइन डालते समय लोगों की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाये। उन्होंने एक्सईन ग्रामीण को निर्देश दिये कि सभी कार्य करने वाले एजेन्सियों की प्रगति रिपोर्ट हर सप्ताह प्रस्तुत करें। बैठक में परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, एक्सईएन जल जीवन मिशन एवं जल जीवन मिशन में कार्यरत विभिन्न एजेंसी एवं संस्थाओं के मैनेजर उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना नामक नवीन योजना का शुभारम्भ

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद- सहायक निदेशक मत्स्य एस0सी0 वर्मा ने बताया है कि मनरेगा कनवर्जेन्स अथवा पट्टाधारक द्वारा स्वयं अथवा अन्य विभागों के माध्यम से सुधारे गये ग्राम सभा व अन्य पट्टे के तालाबों में मत्स्य उत्पादन हेतु प्रथम वर्ष निवेश यथा मत्स्य बीज, मत्स्य पूरक आहार, जलापूर्ति संसाधन, दवाएं, जाल आदि के क्रय पर अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा। मनरेगा कनवर्जेन्स अथवा पट्टाधारक द्वारा स्वयं अथवा अन्य विभागों के माध्यम से सुधारे गये ग्राम सभा व अन्य पट्टे के तालाबोंमें मत्स्य बीज बैंक की स्थापना हेतु स्पान, फ्राई, मत्स्य पूरक आहार जलापूर्ति संसाधन, हापा एवं जाल आदि के क्रय पर अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा। सहायक निदेशक मत्स्य ने कहा कि उक्त योजना में विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आनलाइन आवेदन दिनांक 07.02.203 से 16.02.2023 तक किए जा सकेंगे तथा योजना में तालाबों के ऐसे सभी पट्टाधारक आवेदन कर सकते हैं जिनके पट्टे की अवधि में न्यूनतम 04 वर्ष अवशेष हो। योजना हेतु आवेदक इकाई लागत रु0 4.00 लाख प्रति हेक्टेयर पर 40 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा। एक आवेदक को योजनान्तर्गत अधिकतम 2.0 हे0 जलक्षेत्र तक लाभ अनुमन्य है। योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ सलंग्न किए जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाइट ीजजचरूध्धिर्यीमतपमेणनचणहवअणपद पर देखा जा सकता है। इस योजना के संबंध में मत्स्य विभाग के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# जन जागरुकता प्रचार वाहन का जिलाधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना




दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अर्न्तगत निपुण भारत मिशन उ0प्र0 हेतु जन जागरुकता के लिए प्रचार वाहन का शुभारम्भ कर हरी झण्डी दिखाकर कलेक्टेऊट से रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि प्रचार वाहन पूरे जिले में एक माह तक घूमेगा और इस बात की अपील करेगा कि अपने 06 से 14 वर्ष तक के जो बच्चें है उनको स्कूलों में जरुर दाखिला करवाए तथा बच्चों की पढ़ाई लिखायी होगी, तभी राष्ट्र आगे बढ़ सकता जब वहां के बच्चें शिक्षित हो व स्वस्थ हों। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने बच्चों को प्रोत्साहित व शिक्षित करें।

# ओड़गी पुलिस ने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को कानून के प्रति जानकारी दी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
सूरजपुर-ओड़गी । ओड़गी मुख्यालय के ग्राम पंचायत मसनकी मैं यातायात के प्रति जागरूक बनाने व अपराध के प्रति सजग रहने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत ओड़गी थाना क्षेत्र के ग्राम मसनकी के ग्राम पंचायत में जन चौपाल लगाकर लोगों को मोबाइल व आनलाइन से होने वाले धोखाधड़ी से सावधान रहने, साइबर क्राइम, गांव में रकम दोगुना करने की बात करने वालों, फेरी वालों व अजनबी व्यक्तियों से सोना चांदी माजंने वाले व्यक्तियों से सावधान रहने की हिदायत दी गई गौरतलब है कि जिले में पुलिस द्वारा जनचौपाल लगाकर अपराधों पर नियंत्रण करने व लोगों को जागरूक किया जा रहा है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे साइबर




क्राइम जिसमें आनलाइन शापिंग में ठगी के साथ-साथ ओटीपी पूछकर बैंक अकाउंट से पैसे निकालने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। लोगों के भोलेपन का लाभ उठाते हुए हैकरों द्वारा खाते की जानकारी प्राप्त कर हजारों लाखों रुपये की ठगी कर रहे हैं। अज्ञानतावश लोग इन ठगों के मकड़जाल व धोखाधड़ी में फंसकर लुट जा रहे हैं। इन्ही सभी विषयों को लेकर ग्रामीणों से जनचौपाल के माध्यम से संवाद करते हुए लोगों को इनसे बचने की सलाह दी जा रही है। ओड़गी पुलिस के टी आई नरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की संदेहास्पद गतिविधियां होने पर 112 या पुलिस में काल कर जानकारी दें, तत्काल पुलिस आप के सेवा पर तत्पर है इस मौके पर एसआई मनोज पोर्ते ,महिला प्रधान आरक्षक जोशी टोप्पो,अमरेंद्र दुबे ,मकसुदन चेरवा जिला उपाध्यक्ष इंटक कांग्रेश, ताराचंद नामिक उपसरपंच, आलमसाय पटेल , आलमसाय सचिव, मोहन राम देवांगन, मानसाय राजवाड़े, शिवलाल चेरवा , दिलबर सिंह, एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे

# पूर्व महानगर अध्यक्ष की भाभी का निधन हुआ सुबह अंतिम संस्कार किया गया

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह की सबसे बड़ी मां तुल्य भाभी पुष्पा सिंह का निधन हो गया है यह युवा भाजपा नेता ठाकुर अवधेश सिंह की माताजी है रात्रि 12ः40 पर एसजीटी हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली बीच में अंतिम संस्कार किया गया अंतिम संस्कार में गांव का हर समाज के लोग उपस्थित थे शोकाकुल के परिवार को अलीगढ़ के लोकप्रिय संघर्षशील भाजपा के पूर्व विधायक पूर्व मंत्री ठाकुर दलवीर सिंह ने सांत्वना



दी आपके परिवार में ठाकुर बच्चन सिंह सज्जन सिंह महिपाल सिंह लवकुश वीआईपी ठाकुर पत्रकार जैन पाल सिंह बीपी सिंह देवेंद्र पाल सिंह सत्यपाल सिंह लवकुश पाल सिंह विक्रम सिंह सचिन कुमार सिंह अनिल कुमार सिंह अनुज कुमार सिंह आदि समस्त जादौन परिवार उपस्थित था

# एटा के लाल सी आरपी एफ में तैनात अरुण यादव हुए शहीद

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा- एटा के लाल सी आरपी एफ में तैनात अरुण यादव ( नीरु ) पुत्र राम औतार सिंह हुए शहीद, सूचना मिलने पर गांव में दौड़ी शोक की लहर, उनके पैतृक गांव में शहीद का राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा अंतिम संस्कार, शहीद अरुण यादव सीआरपीएफ में 186



बटालियन आसाम में थे तैनात, शहीद अरूण यादव का पार्थिव शरीर आज सुबह उनके पैतृक गांव पहुंचने की संभावना है, शहीद अरूण यादव नगला मोहन थाना जैथरा के रहने वाले है।

# चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस के विरोध में सडकों पर उतरें किसान



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा-जलेसर में चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस के विरोध में सडकों पर उतरें किसान जलेसर थाने का घेराव करनें पहुंचे भाकियू नेता को इंस्पेक्टर ने समझाया भारतीय किसान यूनियन भानू के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह के नेतृत्व में किसानों ने निकाला जुलूस, जलेसर में पुलिस प्रशासन के खिलाफ भाकियू भानू ने की जमकर नारेबाजी पुलिस के इंस्पेक्टर से भाकियू नेता पंकज ठाकुर की हुई तीखी बहस इंस्पेक्टर ने किसानों का जमावड़ा देंख इंस्पेक्टर हुए नरम भारतीय किसान यूनियन भानू के जिलाध्यक्ष पंकज ठाकुर ने बताया नूहखास के किसान पोप सिंह की दो साल में छह भैंस चोरी हो गई। पुलिस चोरों पर कोई कार्यवाही नही कर रही अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नही आयें चोरो आयें दिन भाजपा सरकार में भैंस चोरी की घटना बढ रही है।

आनन-फानन में भाजपा नेताओं और पुलिस के इंस्पेक्टर जगदीश चन्द ने भाकियू भानू के पंकज ठाकुर जिलाध्यक्ष को समझाया जलेसर थाने का घेराव करनें जा रहे किसानों को पुलिस ने राजकीय डिग्री कॉलेज के निकट कार्यवाही का आश्वासन देकर रोक लिया इंस्पेक्टर जगदीश चन्द ने दो दिवस में चोरों के विरुद्ध कार्यवाही करने की बात कही है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटने से एक युवती की मौत हो गई, जबकि हादसे में 15 लोग गंभीर रूप से घायल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा-कासगंज में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटने से एक युवती की मौत हो गई, जबकि हादसे में 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार सिकंदपुर वैश्य थाना क्षेत्र के नगला टीका के ग्रामीण भागवत कथा के बाद कलश विसर्जन करने के लिए कादरगंज गंगा घाट गए थे। कलश विसर्जन के बाद ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर वापस घर लौट रहे थे। नगला तरसी के समीप अचानक चालक का



नियंत्रण हटा और ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई।

घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। घटना देख राहगीर व आसपास के लोग जमा हो गए। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला और घायलों को तुरंत पटियाली स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां मोनिका (19) पुत्री चोबसिंह, निवासी नगला टीका की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन उसने रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद गांव में हड़कंप मचा हुआ है।

# शर्मनाक एटा से दसवीं की छात्रा को अगवा कर दिल्ली में दुष्कर्म

निशाकांत शर्मा- दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा- बुधवार सुबह स्कूल जाते वक्त कार सवार युवकों ने 10वीं की छात्रा का अपहरण कर लिया। इसके बाद दिल्ली ले जाकर एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में किशोरी को आनंद विहार बस अड्डे पर छोड़कर आरोपी फरार हो गए। छात्रा किसी तरह से एटा पहुंची। अलीगंज कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर जानकारी जुटाकर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली अलीगंज क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी 16 वर्षीय किशोरी बुधवार को स्कूल पढ़ने जा रही थी। रास्ते में उसके पास आकर अचानक एक वैन रुकी। उसमें तीन लोग और एक चालक था। सभी ने अपने मुंह छिपा रखे थे। एक युवक गाड़ी के बाहर खड़ा था। सबने मिलकर छात्रा को गाड़ी में खींच लिया। उसका मुंह बंद कर आंखों पर पट्टी और हाथ बांध दिए। किशोरी की शिकायत के अनुसार कार सवार छात्रा को दिल्ली ले गए। वहां एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद रात में उसे आनंद विहार बस स्टैंड दिल्ली छोड़कर चले गए। पीड़िता ने वहां किसी तरह लोगों से टिकट के पैसे मांगे और बस में बैठकर एटा पहुंच गई। इसके बाद गुरुवार सुबह करीब 11 बजे एटा बस स्टैंड पहुंचने पर वहां मौजूद पुलिस को उसने आपबीती सुनाई तो पुलिसकर्मी उसे मेडिकल कॉलेज ले गई। इसके बाद जानकारी पर पहुंची अलीगंज पुलिस पीड़िता को कोतवाली ले गए। पीड़िता के माता-पिता भी पहुंच गए। पीड़िता व परिजनों से पुलिस अधिकारी जानकारी जुटा रहे हैं। एसएसपी उदयशंकर सिंह ने बताया कि जांच में सामने आया है कि पीड़िता और आरोपी एक मोहल्ले के हैं। दोनों एक साथ पढ़ते थे। जांच के बाद मुकदमा लिखा जाएगा।

## छानबीन के बाद मुकदमे की कार्रवाई जारी

एटा। पीड़िता के परिजन बयानों को बदल रहे है। इसके चलते पुलिस भी असमंजस में है। पहले चार लोगों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। बाद में एक किशोर को आरोपी बताया। पुलिस छानबीन के बाद मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई कर रही है। कार वाले कॉल कर दिल्ली वाले को दे रहे थे पल-पल जानकारी-अलीगंज ( एटा )। पीड़िता ने बताया कि कार सवार एक युवक दिल्ली वाले युवक को कॉल कर लोकेशन, कहां पहुंची इसकी जानकारी दे रहा था। दिल्ली वाले युवक से बार-बार कह रहे थे चाबी लेकर कमरे पर पहुंचे वहीं सभी लोग मिलते हैं। मां की मानें तो दिल्ली में मौजूद एक युवक को बेटी पहचानती है। वह अलीगंज के मोहल्ले का रहने वाला है। पीड़िता की मां ने बताया कि बुधवार सुबह बेटी अपने भाई के साथ स्कूल जा रही थी। बेटा कक्षा छह का छात्र है। स्कूल में छुट्टी होने के बाद बेटा साइकिल से घर लौट आया था, लेकिन बेटी घर नहीं पहुंची थी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

## पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के सभी ब्लॉकों की कार्यकारिणी घोषित,कायकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त कर दी शुभकामनाएं

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर- पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष महेन्द्र साहू के निर्देशानुसार जिले के ओड़गी, प्रतापपुर, भईयाथान, सूरजपुर, रामानुजनगर, प्रेमनगर के ब्लॉक अध्यक्षों ने ब्लॉक कार्यकारिणी का विस्तार किया है। जिसमें सूरजपुर ब्लॉक अध्यक्ष दीपक साहू, दिनेश राजवाड़े, भईयाथान ब्लॉक अध्यक्ष मुरली गुप्ता, कृष्ण मुरारी साहू, प्रतापपुर ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, ओड़गी ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र यादव, कृष्णापाल जायसवाल, प्रेमनगर ब्लॉक अध्यक्ष रमेश साहू, रामानुजनगर ब्लॉक अध्यक्ष समरथ प्रजापति ने अपने ब्लॉक में कार्यकारिणी का गठन करते हुए ब्लॉक उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव, सचिव, मीडिया प्रभारी व सह मीडिया प्रभारियों की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि महेन्द्र साहू पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष बनने के बाद ही पूरे जिले का दौरा शुरू कर दिया और तेजी से जिला कार्यकारिणी का गठन किया। जिला कार्यकारिणी के गठन होने के बाद उनके निर्देश पर ब्लॉक अध्यक्षों ने कार्यकारिणी का विस्तार किया है, जिससे संगठन को मजबूती प्रदान किया जा सके। सभी ब्लॉकों में पदाधिकारियों की नियुक्ति होने से पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए नए पारी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## शॉर्ट सर्किट होने के कारण पैरा में लगी आग बाल बाल बचे लोग

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर- ओड़गी- मुख्यालय के लगे ग्राम पंचायत खर्रा के नंद बाबा गुर्जर के आंगन में पैरा रखा गया था एवं गाय भैंस रखे हुए थे इसी बीच शॉर्ट सर्किट होने के कारण पैरा पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है बिजली विभाग के द्वारा लाइट परमिट लेकर कार्य किया जा रहा था कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात बिजली विभाग के द्वारा लाइट को पुनः चालू कराया गया तो लाइट में फाल्ट निकली जिसके वजह से शॉर्ट सर्किट का घटना हुआ इसके पश्चात जैसे ही बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट हुआ पैरा पूरी तरह से जलकर खाक हो गया एवं वहां पर रखा गया लगभग 300 बांस बल्ली, जलकर पूरी तरह से खाक हो गया है ग्रामीणों के द्वारा यह आरोप लगाया जा रहा है कि बिजली विभाग के लापरवाही के कारण यह घटना हुई है समय रहते ग्रामीणों के द्वारा पानी का व्यवस्था नहीं किया गया होता तो बड़ी दुर्घटना हो जाती ।

## बीआरसी नानऊ पुल पर हमारे आगंन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन




लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ- अकराबाद - शुक्रवार को बीआरसी नानऊ पुल पर राज्य परियोजना के निर्देश पर हमारे आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य 3 से6 वर्ष आयु के बच्चों को प्री प्राइमरी से लेकर प्राइमरी स्तर तक विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी अकराबाद दीपक उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह एसआरजी डा. अनिल राघव एवं समस्त एआरपी के साथ-साथ नोडल शिक्षक संकुल ने संदर्भ दाता के रूप में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं शिक्षकों को प्री प्राइमरी एजुकेशन में चल रही योजनाओं के विषय में अवगत कराया एवं बच्चों को आंगनबाड़ी से लेकर प्राथमिक विद्यालय तक शिक्षण माहौल देने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। कार्यक्रम का संचालन अजय बहादुर सिंह ने किया। इस मौके पर आगंनबाडी कार्यकत्री ब्लाक संगठन की अध्यक्ष मधु लता पुंडीर, सुषमा , मधु लता रेखा आदि थे।

## वन परिक्षेत्र कुदरगढ़ में वन विभाग द्वारा कैम्पा योजनान्तर्गत किये गये विभिन्न अनियमितताओं की जाँच कराने की गई मांग

### ओड़गी मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर- ओड़गी - जिले के ओड़गी विकास खंड अन्तर्गत कुदरगढ़ वन परिक्षेत्र में वन विभाग द्वारा कैम्पा योजनान्तर्गत किये गये विभिन्न अनियमितताओं की जाँच कराने की गई मांग की गई है। इस सम्बन्ध में ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश ने सूरजपुर कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा को ज्ञापन सौंपा है ज्ञापन में कहा गया है कि वन परिक्षेत्र कुदरगढ़, विकास खण्ड ओड़गी में कैम्पा योजनान्तर्गत पतेरीपारा से लुकभुकिया तक डब्ल्यू बी. एम. सड़क निर्माण कार्य 5 कि.मी. एवं असुरा से थरगी मार्ग में 5 कि.मी. डब्ल्यू. बी. एम. सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उक्त कार्य में शासन की किसी भी गुणवत्ता को कोई पालन नहीं किया जा रहा है जंगल से बड़े-बड़े बोल्डर गड्ढों में डालकर रोड को बराबर कर डब्ल्यू. बी. एम. सड़क निर्माण कर दिया जा रहा है। उक्त कार्य कैम्पा मद से कराया जा रहा है। कार्य में रोलर चलाकर पानी डालना अनिवार्य परंतु रोलर का दूर-दूर तक अता पता नहीं है सड़क में पानी भी नहीं डाला जा रहा है रोड के आस पास की अथवा जंगल में उपलब्ध मुरूम को रोड में डाल दिया जा रहा है। इस प्रकार उक्त कार्य अत्यंत ही घटिया स्तर का कराया जा रहा है।

### दोनों कार्यों की अनुमानित लागत एक करोड़ से पार

उक्त दोनो कार्यों की अनुमानित लागत एक करोड पचास लाख रूपये की है परंतु वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा जिस स्तर पर कार्य कराया जा रहा है वह कार्य 15 से 20 लाख रूपये में पूर्ण हो जायेगा। इस प्रकार कार्य को अत्यंत ही घटिया स्तर का कराया जा रहा है।

### भ्रष्टाचार की सारी हदें पार जांच कराएं जाने की मांग

ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश ने कहा कि यदि वन परिक्षेत्र कुदरगढ़ के विगत 1 वर्षो के कार्य की जाँच कराई जाय तो इनके द्वारा किये गये करोड़ों रूपये के घोटाले स्पष्ट हो जायेंगें वन परिक्षेत्र कुदरगढ़ के द्वारा लूज बोल्डर चेक डैम, भू जल संरक्षण नरवा विकास योजना के तहत कराये गये कार्यों में भी अत्याधिक भ्रष्टाचार किया गया है। इस कारण सम्पूर्ण कार्यों की जाँच कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। मंडल अध्यक्ष ने एक सप्ताह के अन्दर उपरोक्त संबंध में जाँच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है। अन्यथा चक्का जाम कर उग्र आन्दोलन किया जावेगा । जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## पुलिस अधीक्षक ने थाना इकौना व थाना सोनवा पर की अपराध समीक्षा

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा थाना इकौना व सोनवा की अपराध समीक्षा की गई। थाना इकौना पर 26 विवेचनाएं लम्बित पाई गई तथा 08 विवेचक मौजूद मिले तथा थाना सोनवा पर 17 विवेचनाए लंबित पाई गई व 05 विवेचक मौजूद मिले। पुलिस अधीक्षक द्वारा लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गयी, समीक्षोपरान्त पाया गया कि जिन विवचकों द्वारा विवेचनाओं के निस्तारण में सार्थक प्रयास नही किये जा रहे थे उन सभी विवेचको को हिदायत देते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये व सभी विवेचको को कड़े निर्देश निर्गत किये गये कि शीघ्र साक्ष्य संकलन कर विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये व इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये अन्यथा उनके विरूद्ध आवश्यक विभागीय कार्यवाही अमल मे लायी जायेगी। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का भी गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया।

थाना पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क का भ्रमण कर हेल्प डेस्क पर तैनात महिला कर्मचारियों से वार्तालाप की गई तथा सभी को बताया गया कि थाने पर जो भी आगंतुक महिलाएं शिकायत लेकर आए उनकी समस्या को सरलतापूर्वक सुना जाए एवं यथाशीघ्र निस्तारण हेतु थाना प्रभारी सहित संबंधित को अवगत कराया जाए तथा अपने कार्यों/दायित्वों को अच्छी तरह से निर्वहन करें। इसके अतिरिक्त सभी बीट आरक्षियों को बीट व्यवस्था के अंतर्गत जांच हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

साथ ही साथ यह भी बताया गया कि क्षेत्र में चौपाल लगाकर जनमानस से संवाद करें, उनकी समस्याओं को सुनें, आम जनमानस से मधुर व्यवहार रखा जाए तथा उन्हें प्रेरित करें कि आपके आस-पास हो रही संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दे। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक इकौना, प्रभारी निरीक्षक सोनवा, वाचक पुलिस अधीक्षक उ0नि0 अजय कुमार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती- श्रावस्ती प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी थाना इकौना जनपद श्रावस्ती मय थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त को अलीम खान पुत्र इकरामुल हुसैन खान उर्फ गादू निवासी ग्राम चिप्पी पुरवा दा0 सेमगढा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को ग्राम सेमगढा तिराहे से गिरफ्तार किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण -थाना इकौना क्षेत्र की निवासिनी द्वारा दिनांक 26 जनवरी 2023 को थाना इकौना पर तहरीरी सूचना दी कि मेरी पुत्री के साथ अलीम खान पुत्र इकरामुल हुसैन खान उर्फ गादू निवासी ग्राम चिप्पी पुरवा दा0 सेमगढा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती द्वारा छेड़छाड़ की गई, जिस संबंध में थाना इकौना पर मुकदमा पाक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत हुआ था, अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही थीं सूचना पर वंचित अभियुक्त को गिरफ्तार किया ।

## अकराबाद पुलिस ने की चार शातिर हार्डकोर अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्यवाई

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ-अकराबाद - कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को चार हार्डकोर अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्यवाई की है। बतादें कि बीते वर्ष 7 अक्टूबर 2022 की देरशाम शेखाझील के निकट हापुड़ के रेलवे रोड श्रीनगर गीता मार्ग निवासी पुनीत जिंदल पुत्र विनोद जिंदल सर्राफा कारोबारी के साथ बदमाशों ने लगभग पांच लाख रुपयों की बंधेल चूडियों के सैट तमंचे की नोक पर लूट लिए थे और मौके से फरार हो गये थे। बाद में कोतवाली पुलिस ने विभिन्न स्थानों से सभी लुटेरों को गिरफ्तार कर उनसे लूटा गया शतप्रतिशत सामान बरामद कर लिया था। लूट में शामिल रहे शातिर हार्डकोर अपराधी हरेंद्र उर्फ हैरी पुत्र रोहनसिंह बघेल ( गैंगलीडर ) निवासी गांव सफीपुर थाना छर्रा, प्रवेश गुप्ता उर्फ जस्सी पुत्र बीरेंद्र कुमार गुप्ता निवासी पचगई रामबास बादशाह पुर थाना शिकारपुर जनपद बुलन्दशहर, नाजिर उर्फ नाजिम उर्फ राजा पुत्र मोहम्मद नाशिर अंसारी निवासी मोहल्ला गंज शहीदा कस्बा व थाना उझांनी जनपद बदायूं, देवा उर्फ देवानंद पुत्र किशन कुमार निवासी अहरोली थाना कोतवाली जनपद कासगंज के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाई की है।

## पुलिस को जबरन बयान दर्ज करना पड़ा महेंगा, एसपी ने दिया निर्देश

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती- थाना सोनवा पुलिस को जबरदस्ती पीड़ित का बयान दर्ज करना महंगा पड़ गया। बीती रात एसपी ने इस मामले की जांच व पीड़ित का फिर से वीडियोग्राफी की निगरानी में बयान दर्ज कराने का निर्देश दिये है। साथ ही कई और मामले को मौके पर ही निस्तारण कराया। पुलिस कार्यालय में एसपी प्राची सिंह के सामने कई ऐसे मामले आ रहे हैं,

जो पुलिस की कार्यशैली पर ही सवाल खड़ा कर रहे हैं। सोनवा थाने के पिपरी गांव निवासी सुशीला देवी एसपी के सामने अपनी फरियाद लेकर आई थी। जिसका आरोप है कि उनसे थाना सोनवा पुलिस ने एक मामले में जबरदस्ती बयान लिया है। मामला सुनने के बाद अपनी नाराजगी जताते हुए एसपी प्राची सिंह ने सीओ को वीडियोग्राफी करते हुए पीड़ित का फिर से बयान दर्ज करने का आदेश दिया । साथ ही दबाव में बयान दर्ज कराने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने को भी कहा है। कुछ इसी तरह से इकौना में साबिर अली निवासी ग्राम नया शेखन पुरवा ने आरोप लगाया था। इस पर एसपी ने तत्काल एफआईआर दर्ज करने के लिए संबंधित को आदेश दिया। वही सिरसिया का गांव का ही एक व्यक्ति पर अपने पुत्री को भगा ले जाने का आरोप रहा है। कई दिन बीतने के बाद भी सिरसिया पुलिस उसे खोज नहीं पा रही है। इस पर भी एसपी ने सिरसिया पुलिस को दो दिन के अंदर लड़की को खोज निकालने का निर्देश दिया। ऐसे ही उनके सामने कई अन्य गंभीर प्रवृत्ति के मामले आए। जिनके निस्तारण का संबंधित को समय से निर्देश दिया है।

## खेत की नपत के दौरान दो पक्षों मे जमकर हुई मारपीट तीन घायल फायर करने का भी आरोप

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



अलीगढ- अकराबाद- कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ा नरायन सिंह में खेत की नपत के दौरान दो किसानों के परिजनों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्ष से कई लोग घायल हो गए। एक पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष ने उनके ऊपर फायर कर दिया जिसमें वह बाल बाल बच गये। दोनों पक्ष के लोगों ने अपनी-अपनी तहरीर पुलिस को दी है। वहीं पुलिस ने दोनों पक्ष के घायलों का सीएचसी में डाक्टरी परीक्षण कराया है। गांव खेड़ा नरायन सिंह निवासी एक पक्ष से सुनील कुमार पुत्र हरिशंकर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है। कि बुधवार को मेरे खेत में एसडीएम के आदेशानुसार लेखपाल द्वारा नपत की जा रही थी। उसी वक्त आरोपी पक्ष के करीब एक दर्जन लोग हथियारों से लैस होकर जान से मारने की नियत से हमला करने आ गए और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए हमारे ऊपर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया जिससे मैं व मेरे परिवार के लोग बाल-बाल बच गए वहीं दूसरे पक्ष से प्रवीन कुमार पुत्र राधेश्याम का आरोप है। कि नपत के दौरान जब नपत विपक्षी गणों के खेत की ओर गई तो उक्त आरोपियों ने फावड़े व फरसे से हमारे ऊपर जानलेवा हमला किया है। जिससे मेरे व मेरे परिवार के वीरपाल पुत्र शिवचरण के साथ मारपीट की है जिससे हमारे चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं।

## पुलिस के अनुसार दामाद से संबंध होने के कारण की गई थी हत्या, आरोपी फरार

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ-हरदुआगंज- महुआखेड़ा के गांव मूसेपुर जलाल के दिव्यांग बुजुर्ग की हत्या में पत्नी की भूमिका ही संदिग्ध नजर आई है। पुलिस जांच के अनुसार अब तक उजागर हुआ है कि दिव्यांग की पत्नी के दामाद से संबंध थे। उसी क्रम में यह हत्या होना निकलकर आ रहा है। हत्या के आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। इंस्पेक्टर के अनुसार महिला का अतरौली इलाके का दामाद है। जिससे उसके संबंध थे। दोनों शादी करना चाहते थे। पति इस रिश्ते के विरोध में था। इसी के चलते इस हत्या की बात सामने आई है। साथ में यह भी उजागर हुआ है कि दूसरी बेटी के भी किसी से संबंध थे। इन सभी ने मिलकर यह हत्या की है। सभी फरार हैं। एसपी देहात पलास बंसल के अनुसार जल्द इस घटना में गिरफ्तारी होंगी।